गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पन्तनगर फार्म पोस्ट–हल्दी

जिला–ऊधम सिंह नगर, पिन–263145

विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी एवं बेनी प्रक्षेत्रों पर उत्पादित गेंहूँ की कम्बाईन द्वारा कटाई एवं थ्रेसिंग का कार्य

निविदा प्रपत्र

निविदा संख्या	:	निविदा शुल्क ₹ 500.00 प्रति निविदा+18%जी0एस0टी0
निविदा फार्म मुख्यालय से प्राप्त करने की तिथि व समय	:	दिनांक 28.02.2026 से 16.03.2026 तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय	:	दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि व समय	:	दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह् 3.00 बजे

विश्वविद्यालय फार्म पर लगभग 220.00 हैक्टेयर भूमि पर उत्पादित गेंहू की फसल को कम्बाईन से कटाई एवं थ्रेसिंग कार्य :–

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित क्षेत्रफल (है0) में	दर प्रति हैक्टेयर (अंको में एवं शब्दों में)	उपलब्ध कराई जाने वाली कम्बाईनों की संख्या
1.	विश्वविद्यालय फार्म के हल्दी/बेनी प्रक्षेत्रों पर लगभग 220.00 हैक्टेयर में उत्पादित गेंहू की कम्बाईन से कटाई एवं थ्रेसिंग कार्य।	लगभग 220.00	₹ ....प्रति है0	

मैंने निविदा की शर्तो का अध्ययन कर लिया है व सभी शर्तें मान्य है। धरोहर धनराशि ₹ 20,000.00 बैंक ड्राफ्ट नं0 ....दिनांक...................................के द्वारा जमा कर दिया है जो इस निविदा के साथ संलग्न है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

ड्राफ्ट नं0 ....

दिनांक..

धनराशि ₹ ....

निविदादाता के हस्ताक्षर..

पूरा नाम..

ग्राम ....

पो0 ....

तह0............................जनपद..................................

पिन............................दूरभाष.................................

बैक का नाम एवं खाता संख्या ....

आयकर पैन0 नं0......................आधार कार्ड नं0 ....

निविदा जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

विश्वविद्यालय फार्म पर उत्पादित गेंहूँ की कम्बाई से कटाई एवं थ्रेसिंग कार्य

निविदा की शर्तें

1. निविदादाता को निविदायें दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह् 1.00 बजे तक फार्म मुख्यालय हल्दी में रक्षित पेटी में जमा करनी होगी, जो दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह् 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि ₹ 20,000.00 वापसी योग्य का बैंक ड्राफ्ट जो (गो0ब0पन्त एवं कृषि प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फार्म खाता) के नाम देय हो जमा करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी।
3. सफल निविदादाता को प्रस्तुत निविदा के अनुसार विश्वविद्यालय फार्म की आवश्यकतानुसार कम्बाईनों की व्यवस्था करनी होगी। कम्बाईनों के मॉग के अनुसार उपलब्धता न होने के कारण विश्वविद्यालय फार्म को होने वाली क्षति का पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित ठेकेदार का होगा। इसके साथ ही धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
4. सफल निविदादाता या उसके प्रतिनिधि के द्वारा विश्वविद्यालय फार्म की कोई चल/अचल सम्पत्ति को हानि होती है तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।
5. यदि सफल निविदादाता ठेका लेने के उपरान्त कार्य करने में असमर्थ रहता है तो उसके द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी एवं उसके विरूद्ध क्षतिपूर्ति हेतु नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कुलपति जी को होगा। किसी तरह के विवाद का निर्णय लेने का अधिकार कुलपति जी अथवा उनके द्वारा नामित को होगा जो दोनों पक्षों को मान्य होगा।
7. निविदा में उल्लेखित कार्य को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से कराये जाने एवं न कराये जाने का पूर्ण अधिकार मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म को होगा।
8. सफल निविदादाता को विश्वविद्यालय फार्म पर उत्पादित गेंहूँ की प्रत्येक प्रजाति की कटाई के बाद कम्बाईन को पूरी तरह से साफ किया जाना आवश्यक होगा।
9. सफल निविदादाता द्वारा जी0एस0टी0 नं0, पैन नं0, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बैंक का नाम तथा खाता संख्या का उल्लेख करना आवश्यक होगा।
10. विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय फार्म पर कार्यरत किसी भी कर्मचारी/अधिकारी अथवा उसके सगे–सम्बन्धी उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र खरीदने एवं निविदा में भाग लेने के पात्र नहीं होंगें तथा निविदा निर्गत कराते समय इस आशय का पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उनके कोई सगे–सम्बन्धी विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय फार्म पर कार्यरत नहीं है।
11. यदि उपरोक्त निविदाओं पर भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार का कोई कर लगाया जाता है तो उसे सफल निविदादाता द्वारा स्वंय जमा किया जायेगा।

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त सभी शर्तें (क्रमशः 01 से 11 तक) पढ़ ली गयी है तथा मान्य है।

निविदादाता का नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर

निविदादाता के हस्ताक्षर ....

पूरा नाम एवं पता ....

मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म
निविदा प्रपत्र निर्गत करनेवाले अधिकारी के हस्ताक्षर